an>

Title: Need to revive air services from Raipur to Ranchi in Madhya Pradesh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं, एनडीए सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा तीन नवोदित राज्यों का निर्माण किया गया था, इनमें छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड शामिल हैं।…(व्यवधान) मैं छत्तीसगढ़ से आता हूं, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और झारखंड की राजधानी रांची है। पूर्व में यहां विमान सेवा संचालित हो रही थी, परंतु आज विमान सेवा बंद है। …(व्यवधान) इसके कारण खास कर छत्तीसगढ़, झारखंड के साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा के कुछ हिस्सों से आने वाले लोग जो विमान से यात्रा करते थे, उनको असुविधा हो रही है। इसके साथ ही प्रशासनिक कार्यों और अन्य प्रकार की आवाजाही में असुविधा हो रही है।…(व्यवधान)

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि फिर से रायपुर से रांची विमान सेवा शुरु की जाए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री सुधीर गुप्ता और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री लखन लाल साहू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।